प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 25.02.2026**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**
**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः–**

1–केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को सहायता राशि की पहली किश्त मार्च माह के अंत तक जारी की जाएगी।

2–छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट सत्र के तीसरे दिन प्रदेश में नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री का मामला गूंजा।

3–छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में ई–मेल के जरिए धमकी मिलने के बाद आज सुरक्षागत कारणों से सुनवाई स्थगित की गई–बम निरोधक दस्ते ने हाईकोर्ट परिसर की ली तलाशी।

4–कांकेर जिले में उत्तर बस्तर डिवीजन कमेटी के माओवादी कमांडर मल्लेश और सदस्य रानू पोडियाम ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण।

## विकसित भारत रोजगार योजना–किश्त

केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को सहायता राशि की पहली किश्त मार्च माह के अंत तक जारी की जाएगी। इस संबंध में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन और संबंधित विभागों ने सदस्यों और प्रतिष्ठानों के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं।

दिशा–निर्देशों के अनुसार प्रत्येक नए जुड़ने वाले और प्रथम बार सदस्य बनने वाले व्यक्तियों के लिए सार्वभौमिक खाता संख्या का चेहरा प्रमाणीकरण तकनीक के माध्यम से सत्यापन कराना अनिवार्य है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना इस डिजिटल सत्यापन के योजना का लाभ प्रदान नहीं किया जाएगा। यदि किसी सदस्य को इस तकनीकी प्रक्रिया में कोई कठिनाई आती है, तो उन्हें तुरंत अपने संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होकर सहायता प्राप्त करने की सलाह दी गई है। योजना की राशि का भुगतान सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

## विधानसभा–सत्र–01

छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट सत्र के तीसरे दिन आज प्रदेश में नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री का मामला गूंजा। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और धरमलाल कौशिक ने ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से यह मामला उठाया। सदस्यों ने आरोप लगाया कि प्रदेश में नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री के कारण लगातार अपराध बढ़ रहे हैं और प्रशासन इसे रोकने में विफल रहा है।

जवाब में गृहमंत्री विजय शर्मा ने सदस्यों के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि शासन–प्रशासन द्वारा नशीले पदार्थों की बिक्री पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। रायपुर में एक आरक्षक पर भी कार्रवाई हुई है।

इससे पहले, प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने

सक्ती जिले में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण का मामला उठाया और गलत जानकारी देने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरूण साव ने कहा कि यदि विभाग द्वारा एनजीटी को गलत जानकारी दी गई तो इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

इसी तरह, बालोद की कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों को लेकर सवाल पूछा। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र के एक सौ ग्यारह गांवों में पाईप लाइन के जरिए पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जवाब में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने बताया कि एक सौ ग्यारह गांवों में जल जीवन मिशन के कार्यों को पूरा कर लिया गया है और सभी जगह नियमित रूप से पेयजल की आपूर्ति हो रही है।

**विधानसभा—सत्र—02**

वहीं, सदन में आज विधायक अजय चंद्राकर ने स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकइट, रैपिडो जैसी ऑनलाइन सर्विस में काम कर रहे गिग वर्करों और उसकी सुरक्षा का मामला उठाया। श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में इस तरह की कितनी कंपनियां काम कर रही हैं और इनमें कितने गिग वर्कर कार्यरत् हैं। जवाब में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन बताया कि प्रदेश में श्रम विभाग के अंतर्गत स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकइट, रैपिडो जैसी कंपनियां पंजीकृत नहीं है। उन्होंने गिग वर्करों की संख्या के बारे में विभाग के पास जानकारी उपलब्ध नहीं होने बात कही। श्रम मंत्री ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा गिग वर्करों की सामाजिक सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा मण्डल का गठन किए जाने का प्रावधान है।

**राज्यपाल अभिभाषण—चर्चा**

विधानसभा में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित हो गया। कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार बस्तर के लोगों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि बस्तर में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। सरकार बस्तर में कृषि, पर्यटन और लघु वनोपज को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है।

इससे पहले, राज्यपाल के धन्यवाद ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होते ही कांग्रेस विधायकों ने सदन में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों और अधिकारियों के उपस्थित नहीं होने पर आपत्ति करते हुए सदन से बहिर्गमन किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है, लेकिन मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी सदन में मौजूद नहीं है। इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप और अन्य मंत्री सदन में पहुंचे। बाद में कांग्रेस विधायकों ने भी चर्चा में भाग लिया।

**उच्च न्यायालय—बम धमकी**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय को आज बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ईमेल के जरिए हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा पत्र मिलने के बाद सुरक्षागत कारणों से हाईकोर्ट में सुनवाई स्थगित कर दी गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा सहित सभी न्यायाधीश अपने कोर्ट रूम में बैठकर प्रकरणो की सुनवाई कर रहे थे। इसी दौरान ईमेल के जरिए हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा पत्र मिला। रजिस्ट्रार जनरल ने जिला और पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी दी। इसके बाद बम

निरोधक दस्ता हाईकोर्ट परिसर सहित प्रमुख जगहों की तलाशी में जुटा हुआ है। हाईकोर्ट परिसर में आने–जाने वाले सभी लोगों की तलाशी ली जा रही है। वहीं, हाईकोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**<u>माओवादी–आत्मसमर्पण</u>**

कांकेर जिले में आज उत्तर बस्तर डिवीजन कमेटी के माओवादी कमांडर मल्लेश और सदस्य रानू पोडियाम ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि माओवादी कमांडर मल्लेश ने एके–सैंतालीस रायफल के साथ छोटेबेठिया कैंप में आत्मसमर्पण किया है। वह काफी समय से नारायणपुर जिले में सक्रिय था।

**<u>मुख्यमंत्री–नेशनल ट्रेड एक्सपो</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर स्थित बीटीआई मैदान में कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स–कैट द्वारा आयोजित नेशनल ट्रेड एक्सपो के समापन समारोह में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कृषि के साथ–साथ व्यापार और उद्योग के लिए भी अनुकूल वातावरण बना है, जिसका परिणाम है कि व्यापारी और उद्योग जगत के प्रतिनिधि राज्य में निवेश के लिए आगे आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने नेशनल ट्रेड एक्सपो के आयोजन के लिए कैट की टीम को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ट्रेड एक्सपो में विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में कैट द्वारा प्रकाशित स्वदेशी पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

**<u>अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ–बस्तर दौरा</u>**

संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ और हिवा कोचिंग एंड कंसल्टिंग की संस्थापक किर्सी ह्यवैरिनेन इन दिनों छत्तीसगढ़ के छह दिवसीय प्रवास पर हैं। इस दौरान उन्होंने बस्तर जिले के ग्राम धुड़मारास का दौरा किया। उनके स्वागत में धुरवा डेरा होमस्टे में धुरवा नृत्य और गीतों के माध्यम से ग्रामीणों ने अपनी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। सुश्री किर्सी ने कहा कि इस प्रकार का अनुभव उनके लिए अत्यंत विशेष और अविस्मरणीय है। सुश्री किर्सी ने विश्वप्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात में पर्यटन संभावनाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मेंदरी घूमर क्षेत्र में स्थानीय हितग्राहियों के साथ पर्यटन गतिविधियों पर भी चर्चा की। यह प्रवास विशेष रूप से यूनाइटेड नेशन से जुड़े 'बेस्ट टूरिज्म विलेज अपग्रेड प्रोग्राम' के मानकों के अनुरूप धुड़मारास और आसपास के क्षेत्रों को विकसित करने पर केंद्रित है।

**<u>गांजा–बरामद</u>**

महासमुंद पुलिस ने महासमुंद और सिंघोड़ा थाना क्षेत्र में एक सौ सैंतीस किलोग्राम गांजा जब्त किया है। गांजे की कीमत अठसड़ लाख रूपए बताई गई है। इस मामले में एक महिला सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तिरपन पर रेहटीखोर के पास वाहन की तलाशी के दौरान दो वाहनों से यह गांजा बरामद किया गया। आरोपी ओडिशा से यह गांजा लेकर महाराष्ट्र जा रहे थे।

**मौसम का हाल....**

अगले एक सप्ताह में प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले चौबीस घंटो के दौरान प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। जबकि न्यूनतम तापमान में अगले दो दिनों में गिरावट के बाद वृद्धि हो सकती है। वहीं, पश्चिमी विक्षोभ के कारण आगामी एक मार्च से एक दो स्थानों पर वर्षा होने के भी आसार है।

**समाचार संक्षेप में ...**

–उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर स्थित विधानसभा भवन में आयोजित कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में केमिस्ट के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए।

–एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोपका के प्राचार्य आर.एन. बया को एक व्यक्ति से पन्द्रह हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

–भिलाई की छावनी थाना पुलिस ने रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर एक व्यक्ति से सात लाख रूपए की ठगी करने के आरोप में दो अरोपियों को मध्यप्रदेश के रीवा से गिरफ्तार किया है।

–बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में हथबंद क्षेत्र के उडेला–पौसरी के पास तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई।

–कोरबा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–एक सौ तीस पर कोनकोना पंडो रिसार्ट के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई।

–सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के सरिया क्षेत्र में राजस्व और पुलिस की टीम ने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के मामले में कार्रवाई करते हुए बारह ट्रैक्टर जब्त किए हैं।

–सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा खुरहा–एफएमडी की रोकथाम के लिए दो मार्च से पन्द्रह मार्च तक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं, पन्द्रह मार्च से तीस मार्च तक गांवों में सघन टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>